<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**24 अगस्त** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निजी अंतरिक्ष क्षेत्र से नवाचार की वैश्विक छवि बनाने का किया आग्रह। कहा– अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप्स ने सरकार में व्यक्त किया अपना विश्वास।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के परिषदीय स्कूलों में काम करने वाले रसोइयों के लिए चार कल्याणकारी कार्यक्रमों की घोषणा की। कहा– सरकार ने सुनिश्चित की है रसोइयों के लिए सामाजिक सुरक्षा।
- सावन के आखिरी सोमवार पर आज सुबह से ही भगवान शिव का जलाभिषेक और दर्शन पूजन कर रहे हैं श्रद्धालु। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम सहित प्रदेश के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में उमड़ी कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़।
- बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य की कई नदियां उफान पर। बाढ़ प्रभावित प्रदेश के उन्नीस जिलों में राहत और बचाव कार्य जारी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप्स ने सरकार में अपना विश्वास व्यक्त किया है। श्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ चर्चा में, उनसे निरंतर प्रयत्नशील रहने और इस क्षेत्र का मजबूत इकोसिस्टम तैयार करने की अपील की।

**दुनिया भारत के स्टार्टअप्स को खोजते हुए भी कौन है इसमें, यह जब ब्रेक थ्रू होता है तो तुरंत लोगों का ध्यान जाता है। बहुत लोगों को हमें जोड़ना है। हमें ऐसा एक औरा खड़ा कर देना चाहिए कि इस फील्ड में दुनियाभर के लोगों को लगे कि भई जिंदगी बनानी है, तो हिंदुस्तान जाओ। भारत की कोई स्टार्टअप से जुड़ जाओ। भारत की कोई स्पेस एजेंसी से जुड़ जाओ। मैं पक्का मानता हूं जी, पूरा टैलेंट पूल जो है, एक मैग्नेट की तरह आपके कारण हम खींच सकते हैं और वो हमारी एक बहुत बड़ी ताकत बन सकता है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा अनुकूल माहौल बनाया जाना चाहिए जिससे दुनिया भर के लोग अंतरिक्ष क्षेत्र में अपना करियर तलाशने के लिए भारत को पसंदीदा गंतव्य के रूप में देखें। उन्होंने इस क्षेत्र में युवाओं के काम की सराहना भी की।

**********

प्रदेश सरकार ने परिषदीय स्कूलों में काम करने वाले करीब तीन लाख चौवन हजार रसोइयों का मासिक मानदेय दो हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये कर दिया है। इसके अलावा अब उन्हें हर साल पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी दी जाएगी। लखनऊ में कल आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह घोषणा करते हुए कहा कि सरकार ने रसोइयों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की है।

**हम प्रदेश भर की 353000 से अधिक रसोइयों के चार नए कार्यक्रम को लेकर के यहां पर आए हैं। पहला मानदेय वृद्धि, दूसरा अगर किसी रसोइया के साथ कोई घटना दुर्घटना हो जाती है तो उसके परिवार को 2 लाख की सहायता स्टेट बैंक के माध्यम से उपलब्ध करवाने की तीसरा प्रत्येक रसोइया और उसके परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक मुफ्त में कैशलेस की सुविधा उपलब्ध करवाना और चौथा आपको जो अब तक ड्रेस के लिए यानी साड़ी के लिए 500 प्राप्त होता था, अब उसकी राशि को दुगना करने के कार्यक्रम के साथ यानी उसको 1000 करने के लिए हम एकत्र हुए हैं।**

**********

स्वाधीनता संग्राम सेनानी अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के इक्यानवें बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के झंडेवाला पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री योगी ने कहा स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों की यादों को जीवित रखने के लिए प्रदेश सरकार स्मारकों के निर्माण का काम जारी रखेगी।

**राज्य सरकार उन सभी स्वाधीनता संग्राम सेनानियों, अमर बलिदानियों की स्मृतियों के लिए उनके स्मारक बनाने के कार्यक्रम को निरंतरता देगी। उन सभी महापुरुषों की मूर्तियों के छाजन लगाने, पार्क को नवनिर्माण करने, उन्हें सुरक्षित करवाने के लिए धनराशि स्वीकृ त की है।**

**********

जापान के यामानाशी प्रिफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में पन्द्रह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कल काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, यामानाशी प्रांत और जापान के बीच संबंधों को लंबे समय तक और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इनमें से एक महत्वपूर्ण पहल ग्रीन हाइड्रोजन सिस्टम के माध्यम से उत्तर प्रदेश और यामानाशी प्रांत के विकास को बढ़ावा देना है। इससे पहले, जापानी मेहमानों का मंदिर पहुंचने पर रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

**********

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आज लखनऊ आ रहा है। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल युवाओं और मतदाताओं में निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए उनसे संवाद करेगा। साथ ही बीएलओ से उनके अनुभव और सुझाव साझा करेगा।

**********

सावन के आखिरी सोमवार पर आज सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक और दर्शन पूजन कर रहे हैं। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम सहित प्रदेश के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की भारी भीड़ है। सावन के आखिरी सोमवार पर आज की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रदेश भर में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ियों की भीड़ के मद्देनजर दिल्ली–लखनऊ हाईवे पर मुरादाबाद–अमरोहा के ब्रजघाट तक करीब साठ किलोमीटर सड़क को आज तक के लिए जीरो ट्रैफिक कर दिया गया है। अमरोहा के पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने बताया कि वहां हाइवे पर एक सौ छह स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं।

**सावन के आखिरी सोमवार के परिपेक्ष में ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर दिया गया है। सारे जो भारी वाहन है वह ऑलरेडी डायवर्ट कर दिए गए हैं। रास्ते को एक तरफ कर दिया गया है जहां पर एक तरफ कावड़ चल रही है। दूसरे तरफ पर जो हल्के वाहन है वह अभी के लिए चल रहे हैं।**

वाराणसी में वाहनों की आवाजाही से भीड़ बढ़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने रूट कंट्रोल लागू किया है।

**********

आगामी छब्बीस अगस्त को मिलाद–उन–नबी मनाया जाएगा। इस मौके पर होने वाले जलसों और जुलूस के सिलसिले में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने लोगों से सेंटर द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की।

**इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया फ्रंगी महल लखनऊ की जानिब से रबीउल अव्वल एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें कि मुसलमानों से अपील की गई है कि 12 रबीउल अव्वल यानी मिलादुन्नबी 26 अगस्त को है। यह मौका वह है उस दिन बड़े पैमाने पर जलसे होते हैं और 12 रबीउल अव्वल को जुलूस निकाले जाएंगे। जुलूस में इस बात का ख्याल रखें कि जो रास्ते मुकर्रर किए गए हैं, उन्हीं रास्तों से जुलूस निकालें और जुलूस में कोई भी ऐसा नारा ना लगाएं जिससे किसी के भी रिलीजियस सेंटीमेंट्स हर्ट होते हों। इसी के साथ–साथ इस बात का भी ख्याल रखें कि जो रूट मुकर्रर किया गया है, उसी पर सिर्फ जुलूस निकाला जाए।**

**********

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने स्पष्ट किया है कि एचवनएनवन के किसी नये रूप की पहचान नहीं की गई है और इससे घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। परिषद के मुताबिक वर्तमान समय में फैल रहा इन्फ्लूएंजा नया नहीं है। यह पिछले वर्ष से अस्तित्व में है। परिषद के अनुसार एचवनएनवन सहित मौसमी इन्फ्लूएंजा अत्यधिक सीमित है। इसके सामान्य लक्षणों में बुखार, खांसी, सिरदर्द और शरीर में जकड़न शामिल है तथा अधिकतर लोग उचित देखभाल और विश्राम के बाद इससे उबर जाते हैं। परिषद ने कहा है कि छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति को इस इन्फ्लूएंजा से जटिलताएं आ सकती हैं। यदि ये लक्षण गंभीर हों तो डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**********

लखनऊ सहित राज्य के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ इलाकों में चार दिनों तक गरज चमक के साथ बौंछारे पड़ने का अनुमान भी जताया है। उधर, बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने से प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। संतकबीरनगर जिले में घाघरा और सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर से धनघटा क्षेत्र के करीब अट्ठारह गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। राहत आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार अब तक राज्य के उन्नीस जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जारी है।

**********